न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट डीग(राज0)

प्र0सं0 02/2024 (जी.सी.एम.एस.नम्बर:2024/105) व इजलास:— डॉ.रवि कुमार गोयल (R.A.S)

उनवान

1. अशोक कुमार
2. बल्देव
3. कमलेश
4. सरोज

पुत्र पुत्रीगण ऐसीलाल जातियान खत्री नि0 कस्बा डीग तह0डीग हाल नि0 पानीपत प्रांत हरियाणा

5. दर्शनलाल पुत्र अतरचन्द जाति खत्री नि0 कस्बा डीग हाल नि0 करनाल प्रांत हरियाणा

6. सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर
7. विजय
8. अशोक कुमार
9. विनोद
10. रमेश
11. बबली

पुत्रगण हंसराज जातियान खत्री नि0 कस्बा डीग तहसील डीग हाल नि0 ग्राम बेरू तहसील नगर वारिस काबिज जायदाद मृतक हंसराज

12. कृष्णा उर्फ कृष्णलाल पुत्र संतलाल
13. श्याम उर्फ श्यामलाल पुत्र संतलाल

जातियान खत्री नि0 कस्बा डीग तहसील डीग हाल नि0 पानीपत प्रांत हरियाणा

—प्रार्थीगण

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तहसील डीग जिला डीग (राज0)

—अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128,111 एल.आर.एक्ट, सीमाज्ञान एवं पत्थरगढी

निर्णय **दिनांकः 02.08.2024**

प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र **अन्तर्गत धारा 128,111 एल.आर.एक्ट,(सीमांकन एवं पत्थरगढी)** इस आशय का पेश किया गया है कि आराजी खसरा नम्बर 471/158 रकबा 0.16 हैक्टेयर वाके ग्राम दीनापुर तहसील डीग में स्थित आराजी प्रार्थीगण की कब्जे काश्त व खातेदारी की आराजी है। जिस पर वतरफ उत्तर दिशा में गैर मु0 रास्ता है तथा दक्षिण दिशा में खसरा नम्बर 157 रकबा 0.44 ऐयर पूरव दिशा में 507/158/0.14 हैक्टे0 व पश्चिम दिशा में 156 रकबा 1.36 हैक्टे0 है। खसरा नम्बर 156/1.36 हैक्टे0 157/0.44 ऐयर, 507/158/0.14 के खातेदारान का प्रार्थीगण की खातेदारी की उक्त आराजी से कोई सम्बन्ध किसी प्रकार से नहीं है। उक्त खसरा नम्बरान 156/1.36, 157/0.44, 507/158/0.44 के खतोदारान जबरन प्रार्थीगण की खातेदारी की आराजी खसरा नम्बर 471/158/0.16 पर हस्तक्षेप करते है तथा कब्जा नाजायज करना चाहते है।

उपखण्ड अधिकारी
डीग (डीग) राज.

Scanned with OKEN Scanner

अतः निवेदन है कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर आराजी खसरा नम्बर 471/158/0.16 ऐयर वाके ग्राम दीनापुर तहसील डीग का सीमाज्ञान कराया जाकर पत्थरगढी कायम किये जाने की आज्ञा फरमाई जावे।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर गैर सायल को जरिये नोटिस तलब किया जाकर रिपोर्ट तलब की गई। रिपोर्ट तहसीलदार डीग में वर्णित किया गया है कि मुताविक जमाबन्दी वर्तमान ग्राम दीनापुर के खाता संख्या 10 के अनुसार अशोक कुमार पुत्र ऐसीलाल,कमलेश पुत्री ऐसीलाल, बल्देव पुत्र ऐसीलाल,सरोज पुत्री ऐसीलाल वाहिस्सा बरावर 1/4, कृष्णा पुत्र संतलाल,श्याम पुत्र संतलाल वाहिस्सा बरावर 1/4, दर्शनलाल पुत्र अतरचंद,हंसराज पुत्र अतरचन्द वाहिस्सा बरावर 1/2 जाति खत्री सा0 डीग खातेदार, खसरा नम्बर 471/158/0.16 किस्म डहरी द्वितीय दर्ज रिकार्ड है। खसरा नम्बर 471/158 पर वीरी सिंह पुत्र हरवीर जाति गूजर सा0 पान्हौरी का कब्जा है।

वकील प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। बहस के दौरान वकील प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए कहा कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर आराजी खसरा नम्बर 471/158/0.16 ऐयर वाके ग्राम दीनापुर तहसील डीग का सीमाज्ञान कराया जाकर पत्थरगढी कायम किये जाने की आज्ञा फरमाई जावे।

पत्रावली पर उपलब्ध सम्बन्धित राजस्व रिकार्ड तहसीलदार डीग से प्राप्त रिपोर्ट का अवलोकन व वकील प्रार्थीगण की बहस पर मनन किया गया। मुताविक रिपोर्ट तहसीलदार डीग प्रार्थीगण का मौके पर आराजी खसरा नम्बर 471/158/0.16 ऐयर वाके ग्राम दीनापुर तहसील डीग पर कब्ज काश्त नहीं है। जिस पर कब्जा वीरी सिंह पुत्र हरवीर सा0 पान्हौरी का है। ऐसी स्थिति में हम प्रार्थना पत्र प्राथीगण पत्थरगढी को अस्वीकार किया जाना उचित समझते है।

अतः आदेश है किः–

प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना अन्तर्गत धारा 128,111 एल.आर.एक्ट, प्रस्तुत रिकार्ड/रिपोर्ट तहसीलदार डीग के अनुसार सावित नहीं होने से अस्वीकार/खारिज किया जाता है।

Ravi

(डॉ.रवि कुमार गोयल)
उपखण्ड अधिकारी,
डीग

उपखण्ड अधिकारी
डीग (डीग) राज.

निर्णय आज दिनांक 02.08.2024 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया।

Ravi

(डॉ.रवि कुमार गोयल)
उपखण्ड अधिकारी,
डीग

उपखण्ड अधिकारी
डीग (डीग) राज.

उपखण्ड अधिकारी ★ डीग जिला डीग (राज.)

Scanned with OKEN Scanner